दिनांक 19.02.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर श्री देवेन्द्र यादव के जन्मदिन को बड़े हर्षोल्लास के साथ निगम के अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा महापौर कार्यालय पहुंचकर पुष्पगुच्छ एवं मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। देर रात तक विभिन्न समुदाय के लोगों ने महापौर को उनके निवास स्थान में जाकर जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महापौर श्री देवेन्द्र यादव ने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से जन्मदिन की बधाई देने वालों का आभार व्यक्त किया।

निगम महापौर यादव ने अपना जन्मदिन पूर्व में घोषित अनुसार पूर्ण सादगी के साथ मनाया और सुबह सेक्टर–05 हुनमान मंदिर पहुंचकर पुजा अर्चना कर भगवान से अशिर्वाद प्राप्त किया। उसके बाद उन्होने सीधे अपने निवास स्थान पहुंचकर अपने परिवार एवं घर में आये क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, मोहल्लेवासियों एवं अधिकारी, कर्मचारी के साथ जन्मदिन का केक काटा। अपने जन्मदिन के अवसर पर श्री यादव ने सुपेला स्थित प्रयास विद्यालय के मुकबधिर बच्चों के साथ क्रिकेट मैच खेलकर जन्मदिन मनाया। मैच खेलने के दौरान अपने बचपन के स्कुल एवं कॉलेज के साथियों के साथ पल को याद किया। उन्होने कहा कि मैं अपना यह जन्मदिन क्षेत्र की सेवा को समर्पित करतता हूं महापौर बनने के बाद क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा जो प्यार, आशिर्वाद मुझे मिला है यही मेरी आज के जन्मदिन का अशिर्वाद है मैं हमेशा नागरिकों की सेवा एवं क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर रहूंगा जो जवाबदारी क्षेत्र की जनता मुझे सौंपेगी उसे सहर्ष स्वीकार कर उन्हीं के मार्गदर्शन में कार्य का संपादन किया जावेगा।

जनसम्पर्क अधिकारी